भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 789
दिनांक 07/12/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

झारखंड में पेयजल आपूर्ति

789. डॉ. निशिकांत दुबे:
श्री मनोज तिवारी:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड और बिहार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों को पेयजल आपूर्ति के लिए उपलब्ध कराए गए टेप का प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या सरकार झारखंड और बिहार में जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम हो पाएंगी; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): पेयजल राज्य का विषय है और इसलिए, पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और अनुरक्षण करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके केवल राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है।

भारत सरकार, झारखंड तथा बिहार राज्य के ग्रामीण परिवारों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अगस्त 2019 से राज्यों की भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है।

जेजेएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने पारिवारिक कनेक्शनों के वर्ष-वार लक्ष्य को दर्शाते हुए अपनी 'राज्य कार्य योजना' तैयार की है। जेजेएम के कार्यान्वयन के लिए वार्षिक कार्य योजना (एएपी) प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा एक विस्तृत परामर्शी प्रक्रिया के आधार पर तैयार की

जाती है ताकि तेजी और पैमाने के साथ कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया जा सके तथा निधि का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, झारखंड राज्य में 3.45 लाख (5.6%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, दिनांक 03.12.2023 की स्थिति के अनुसार, 25.08 लाख से अधिक और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, दिनांक 03.12.2023 की स्थिति के अनुसार, राज्य में 61.78 लाख ग्रामीण परिवारों में से 28.53 लाख (46%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है तथा राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, शेष 33.25 लाख ग्रामीण परिवारों को मिशन अवधि के भीतर कवर किए जाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार, जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, बिहार राज्य में 3.16 लाख (2%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, दिनांक 03.12.2023 की स्थिति के अनुसार, 157.17 लाख (94%) से अधिक और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, दिनांक 03.12.2023 की स्थिति के अनुसार, राज्य में 166.30 लाख ग्रामीण परिवारों में से 160.34 लाख (96%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है तथा राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, शेष 5.96 लाख ग्रामीण परिवारों को मिशन अवधि के भीतर कवर किए जाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

*****